THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Government has no such proposal. Ministry of law is consulted wherever necessary.

इलाहाबाद बैंक, इलाहाबाद के अधिकारियों द्वारा की गई धोखा धड़ी

5349. **श्री राम लाल राही :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद बैंक, इलाहाबाद के अधिकारी ने वर्ष 1980-81 और 1981-82 के दौरान लेखन सामग्री की खरीद में धोखाधड़ी की थी और इस मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की जा रही थी ;

(ख) क्या जांच पड़ताल रोक दी गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या परिणाम रहे और इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) इलाहाबाद बैंक ने सूचना दी है कि वर्ष 1980-81 और 1981-82 के दौरान, लेखन सामग्री की खरीद में इसके इलाहाबाद स्थित अधिकारियों द्वारा गोलमाल किए जाने की उसे कोई जानकारी नहीं है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने भी सूचना दी है कि उसके द्वारा ऐसे किसी मामले की जांच नहीं की जा रही है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए ये सवाल पैदा ही नहीं होते

भागीरथ ग्रामीण बैंक के चेयरमेन के विरुद्ध आरोपों की जांच

5350. **श्री रामलाल राही : क्या वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भागीरथ ग्रामीण बैंक, सीतापुर (उत्तर प्रदेश) के चेयरमेन की पदोन्नति, उनके विरुद्ध लगाए गए कुछ आरोपों की जांच के आधार पर रोकी गई थी ;

(ख) यदि हां, तो इन आरोपों का क्या आधार है।

(ग) उनके विरुद्ध ये आरोप कब और किसके द्वारा लगाए गए थे ; और

(घ) जांच के मुख्य मुद्दे क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (घ) इलाहाबाद बैंक ने सूचित किया है कि पदोन्नति नीति के नियमों के अनुसार चयन समिति द्वारा भागीरथ ग्रामीण बैंक के भूतपूर्व अध्यक्ष की पदोन्नति कतिपय कदाचार के कारण दण्डित किए जाने के परिणामस्वरूप रोक ली गई है। बैंक द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सम्बन्धित अधिकारी को सेवा संहिता नियमों का उल्लंघन करने तथा अनुशासन भंग करने के आरोप में अक्तूबर-नवम्बर, 1982 में आरोप-पत्र दिया गया था आरोप पत्र के उत्तर में सम्बन्धित अधिकारी द्वारा आरोप पत्र में दी गई वस्तुस्थिति स्वीकार कर ली गई थी और तदनुसार उसे दण्ड दे दिया गया था।

इलाहबाद बैंक की इलाहाबाद शाखा के महाप्रबन्धक के विरुद्ध चोरी के आरोप

5351. **श्री राम लाल राही : क्या वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :